Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct a goods siding for railway freight at Meerut as part of Eastern Dedicated Freight Corridor-laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): ईस्टर्न डैडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) हल्दिया से लुधियाना तक उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर मेरठ से होकर बन रहा है परन्तु मेरठ में माल उतारने-चढ़ाने के लिए इस कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन (साईडिंग) का प्रस्ताव नहीं रखा गया है निश्चित ही यह कॉरिडोर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मेरठ औद्योगिक एवं आर्थिक दृष्टि से देश का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र है । मेरठ में विभिन्न उत्पादों से सम्बन्धित लगभग 20 हजार छोटी-बड़ी इकाईयाँ कार्यरत हैं । यहाँ से पूरे देश तथा विदेश में स्पोर्ट्स गुड्स, हैण्डलूम, कागज, चीनी, आलू, कैंची आदि की आपूर्ति एवं निर्यात किया जाता है । इसके अतिरिक्त उद्योग की जरूरत की पूर्ति हेतु कच्चे एवं निर्मित माल का विभिन्न देशों से आयात भी यहाँ किया जाता है । वर्तमान में मेरठ शहर छः नेशनल हाईवे एवं 2 एक्सप्रैस वे के माध्यम से अन्य औद्योगिक शहर जैसे- मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, शामली, हापुड़, बुलन्दशहर एवं नोएडा से जुड़ा हुआ है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरठ शहर के औद्योगिक महत्व तथा कनैक्टिविटी को देखते हुए EDFC का मेरठ में एक स्टेशन (माल साईडिंग) बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश करने की कृपा करे।